ST. JOSEPH'S MISHRI SINGH VISHWAMOHINEE MEMORIAL TEACHERS' TRAINING COLLEGE
MSV NAGAR, DALSINGSARAI, SAMASTIPUR, BIHAR-848114
Rec. by ERC NCTE, Affiliated to LNMU Darbhanga and BSEB Patna
Web.: sjmsvmttc.org, E-mail: stj_training@rediffmail.com

सेमिनार प्रतिवेदन
(Seminar Report)

संत जोसेफ्स मिश्री सिंह विश्वमोहिनी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, दलसिंहसराय, समस्तीपुर

के तत्वावधान में

''Role of Information And Communication Technology In Teaching- Learning Skills''

विषय पर आयोजित

राष्ट्रीय सेमिनार

दिनांक–18.03.2023 से 19.03.2023 तक

संत जोसेफ्स मिश्री सिंह विश्वमोहिनी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, एम. एस. वी नगर, दलसिंहसराय, समस्तीपुर बिहार के द्वारा दिनांक 18 मार्च 2023 से 19 मार्च 2023 तक ''Role of Information And Communication Technology In Teaching- Learning Skills'' विषय पर दो–दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस राष्ट्रीय सेमिनार का प्रमुख उद्देश्य प्रतिभागियों में शिक्षण एवं अधिगम में सूचना एवं संचार तकनीकी का उपयोग करने के विभिन्न आयामों एवं अन्तर्निहित तत्वों की समझ विकसित करना है। यह सेमिनार सूचना एवं संचार तकनीकी की वर्तमान और आगामी भूमिका पर चर्चा करने के लिए शिक्षकों, प्रशिक्षकों, पेशेवरों और योजनाकारों के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करने का एक प्रयास है, यह शिक्षकों के लिए वांछनीय विभिन्न शिक्षण कौशल के विकास की सुविधा भी प्रदान करता है। इस सेमिनार के सभी प्रतिभागियों को अद्यतन जानकारी, विचारों के आदान–प्रदान से लाभ मिलेगा और यह उनके शिक्षण–अधिगम को आसान और अधिक उत्पादक बना देगा। यह विभिन्न समुदायों को शैक्षिक नेटवर्क से जोडते हुए और संसाधनों का उपयोग करते हुए शोध कार्य में ज्ञान–निर्माण और सहयोग के लिए उपकरणों को अद्यतन करने का भी सुझाव देगा।

विद्यापति की पावन भूमि पर आगत अतिथितियों का स्वागत मिथिला परंपरा के अनुसार किया गया। सभी सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र, मिथिला पाग, जीवन रूपी पुष्पगुच्छ एवं मेमेंटो प्रदान कर स्वागत किया गया।

सम्पूर्ण भारत के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षाशास्त्र ज्ञानानुशासन के संकाय सदस्यों एवं अध्येताओं के लिए आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार में देश के चार राज्यों एवं 9 जिलों से कुल 449 वक्ताओं, सदस्यों एवं अध्येताओं ने सहभागिता की। 2 दिनों के उद्धाटन एवं समापन सत्र सहित तीन तकनीकी सत्रों में सेमिनार हुआ। मिश्री सिंह विश्वमोहिनी मेमोरियल व्याख्यान श्रृखंला एवं समापन सत्र के साथ सेमिनार सम्पन्न हुआ। इस राष्ट्रीय सेमिनार में कुल 22 विशेषज्ञों ने अपनी विद्वता पूर्ण व्याख्यान, उद्बोधन एवं व्यवहारिक अनुभव पर आधारित तकनीकी सत्रों के माध्यम से समस्त प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया एवं उनके अनुभवों को संवर्धित किया।

18 मार्च से 19 मार्च, 2023 को आयोजित ''Role of Information And Communication Technology In Teaching- Learning Skills''

उद्घाटन सत्र : (समय– 10:30 AM- 01:30 PM)

दो–दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. अवध किशोर राय (Former Vice-Chancellor, B.N.M.U. Madhepura & Tilka Manjhi Bhagalpur University) ने किया।

राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. अवध किशोर राय एवं सम्मानित अतिथिगण

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में **प्रो. अवध किशोर राय** (Former Vice-Chancellor, B.N.M.U. Madhepura & Tilka Manjhi Bhagalpur University) उपस्थित थे। **डॉ. सुप्रिया कुमारी** (प्राचार्या, संत जोसेफ्स मिश्री सिंह विश्वमोहिनी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, दलसिंहसराय) ने अपने शब्द सुमनों से अतिथियों का स्वागत किया तथा कहा कि इस सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. अवध किशोर राय किसी परिचय के मोहताज नही है, वे रचनात्मक व्यक्तित्व के धनी है। इन्होंने बताया कि हमारे महाविद्यालय के लिए यह एक अत्यंत ही गौरवशाली दिन है क्योंकि पहली बार हमारे महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी की आवश्यकता और महत्व है। यह वर्तमान में मानव जीवन की आवश्यकता ही नही है अपितु जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। इन भावनाओं को ध्यान में रखकर प्रस्तुत सेमिनार का आयोजन किया गया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस सेमिनार के माध्यम से विचारों, सूचनाओं एवं ज्ञानों के आदान–प्रदान द्वारा हम सभी लाभान्वित होंगे और अपने क्षेत्र में इसका सफलता पूर्वक प्रयोग करने में सक्षम हो सकेंगे।

प्राचार्या, डॉ० सुप्रिया कुमारी स्वागत भाषण देते हुए

प्रो. आशीष श्रीवास्तव (Key Note Speaker, Dean, School of Education Mahatma Gandhi Central University Motihari, East Champaran, Bihar) ने सेमिनार के प्रतिभागियों के समक्ष ICT से संबंधित बातें रखी तथा उन्हें इसके लक्ष्यों एवं उद्देश्यों से अवगत कराया। इन्होंने बताया कि यह शीर्षक आपने जो चुना है, यह बहुत महत्वपूर्ण है, कोविड–19 के भयावह दौर में हमने सिर्फ एक ट्रेलर देखा है तकनीकी का, अभी पुरी पिक्चर आनी बाकी हैं। खासकर तब जब हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व को देखते है। Theory & Practices के बीच में जो गैप है उस गैप को दूर करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी Teacher Education है, जिसके लिए यह कार्यक्रम हो रहा है तकनीकी एक ऐसा पक्ष है जिसमें रोज बदलाव आ रहे है। इस बदलाव के साथ जो Generation Gap है उसके साथ हम सबको 'को–कप' करना होगा। ये तकनीकी हमारे लिए जरूरी भी हैं, चिंता भी हैं, विश्वविद्यालय आयोग 1948 में राधाकृष्णन जी लिखते हैं, Where is the wisdom? We have lost in knowledge, Where is the knowledge? We have lost in information. The Cycle is even 20th century; bring the smarter from the God nearer to test. Wisdom कहाँ है? प्रज्ञा विवेक कहाँ है? उसको हमने ज्ञान में खो दिया। ज्ञान को हमने सूचनाओं में खो दिया, जब हम तकनीकी के इन्टरवेंशन को स्वीकार करने जा रहे हैं तब चिंता है। अब हम तकनीकी के महत्व को समझ रहे है, कि यह हमारा अंग बन गई है। यह च्वाईस नही Compulsion है। Teacher Education के पार्ट में इसका दायित्व और बढ़ जाता है। तकनीकी को हम इस तरह अपनाये कि Information to Knowledge, knowledge to wisdom तक पहुँचे क्योंकि तकनीकी को हम Ignore नहीं कर सकते हैं। मैं अक्सर एक व्यंग सुनाता हूँ–स्वामी रंगनाथन जी से एक बार पूछा गया कि शिक्षा क्या है? उन्होंने कहा कि शिक्षा एक रहस्यमयी चीज है, जो प्रोफेसर के लेक्चर रूप से निकलती है, Student के नोटबुक तक पहुँच जाती है, कलम के माध्यम से बिना दोनों के दिमाग के इस्तेमाल के। ये जो Information से, Culture से, Emancipation से Self Realization तक जाना है इसके लिए तकनीकी में हमें वो इनपुट लाने होंगे ताकि जो wisdom की बात है, Reflection की बात है, चितंन की बात है वो आ सके।

कस्तूरीरंगन अपने ड्राफ्ट (N.E.P.2020) के कवरिंग लेटर में लिख रहे है कि N.E.P.2020 का पुरा डॉक्यूमेंट पांच आधार स्तभों पर आधारित है वो हैं Access(पहुँच), Equity(हिस्सेदारी), Quality(गुणवत्ता), Affordability(सामर्थ्य) और Accountability (जवाबदेही)

उच्च शिक्षा की दुनिया में 26.3 % से G.E.R. (Gross Enrollment Ratio) को 50 % ले जाना हैं, स्कूली शिक्षा की दुनिया में इस G.E.R.(Gross Enrollment Ratio) को 100% ले जाना हैं। National Knowledge Commission कि रिपोर्ट 2005 कहती है कि उस समय के International GER को प्राप्त करने के लिए भारत को 2500 विश्वविद्यालय की स्थापना करनी होगी। N.E.P. 2020 का डक्यूमेंट 29 जुलाई 2020 को आया। पहला एक वर्ष जब पुरा हुआ तो शिक्षा मंत्रालय ने एक कार्यक्रम रखा था जिसमें मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री थे, वो अपने भाषण में Digital Learning Technological Intervention, Digital Intervention जैसे शब्दों का उपयोग कर रहे थे। फिर कुछ महीने बाद भारतीय परिदृश्य में Digital University Announce हो जाती है। N.E.P. 2020 के English version के Documents page No-05, 06 पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के गाईडिंग प्रिंसिपल दिये गये है। उसमे एक प्रिंसिपल है– Extensive use of technology both in teaching-learning process In governance. आप Access Pillar को देखिये, इसीलिए मैं कहता हूँ कि ये तकनीकी Choice नहीं Compulsion है, (Technology is not a choice but a compulsion) दिमकों को पढ़ना नहीं आता, लेकिन चाट जाता है किताब। अपने छात्रों को ऐसा दिमक बनने से बचाए। आजकल पुस्तकालय में जाने का फैशन कम हो गया है। छात्रों को Information से knowledge तक ले जाये, knowledge से wisdom तक ले जाये। Aim of Education क्या है? Aim of education is all round development of Student. आप इस all round development से क्या समझते है? Balance development a cognitive domain, effective domain and Psychomotor domain. Head, Heart and Hand का संतुलित विकास करना है। तकनीकी के खतरे को यहीं समझना होगा। शिक्षक महत्वपूर्ण था, है, और रहेगा (Teacher was important, teacher is important and teacher will important)। तकनीकी को हम नियंत्रण करें, यह हमें नियंत्रण ना करें। तकनीकी हमारा साधन है साध्य नहीं है, तकनीकी Means है End नहीं। जब हम तकनीकी को साधन के रूप में देखेंगे तब तक कोई समस्या नहीं है लेकिन जैसे ही हम तकनीकी को साध्य के रूप में देखेंगे तब Head, Heart and Hand में असंतुलन आयेगा। तब इस असंतुलन को हम afford नहीं कर पाएंगे अमेरिकन सिस्टम ऑफ एजुकेशन में cognitive domain, यानि Head, के उपर बहुत जोड़ दिया जाता है। Heart कहीं न कहीं उपेक्षित

रह गया। भारत में शिक्षा हमेशा समाज का विषय रही है। इसीलिए यहां Head, Heart and Hand महत्वपूर्ण है। विवेकानंद की पुस्तक 'शिक्षा' किताब में बड़ी सुन्दर एनालॉगी देते हैं, वो कहते हैं कि जिस प्रकार सरसों के बीज को हाथ पर रखकर पेड़ नहीं बना सकते उसी तरह हम पढ़ा नहीं सकते हैं। सरसों के बीज को हमें पेड़ बनाना है तो हमें उसे मिट्टी में डालना होगा, धूप दिखाना होगा, पानी डालना होगा, सूरक्षा देना होगा। आप सिर्फ Facilitate कर रहे हैं, पेड़ बनने की पोटेंशियल उस बीज में है। विवेकानंद जी कहते है कि यही चीज एक शिक्षक पर भी लागू होता है। जब मैं पुरी एजुकेशन के परिभाषा को Revisit करता हूँ तो विवेकानंद की परिभाषा सबसे सुन्दर लगती है– "Education is the Manifestation of Perfection in already in man." शिक्षक का कार्य है उस Perfection को बाहर लेकर आना, तकनीकी एक साधन है ताकि हम उस Perfection को बाहर निकालें। जॉनडेवी कहते हैं हम आज वैसा पढ़ायें जैसा हमने कल पढ़ाया था तो हम आने वाले बच्चों के भविष्य को बर्बाद करेंगे। श्रीवास्तव ने कहा कि परिवर्तन अपरिहार्य है (Change in Inevitable) परिवर्तन प्रकृति का नियम है, इस परिवर्तन को जिसने आत्मसात कर लिया, उसने Sustain भी किया, उसने ग्रोथ भी किया और वह समाज आगे बढ़ा। इस संच्चाई को हमें स्वीकारना होगा। हम 21वी सदी के तीसरे दशक में खड़े होकर technology पर बात कर रहे हैं 17 Sustainable Goal होते हैं U.N.D.P.(United Nation Development Programme) की साईट खोलियें, गोल न. 4 देखिये, उसके 7 टारगेट हैं, उसे पढिये, इन्होंने TPACK (Technical, Pedagogical, Assessments, Content, Knowledge) को बताया। प्रो० श्रीवास्तव ने 'ASMA' (Adoption of Social Media & Accediamiya) रिपोर्ट की चर्चा किया।

N.E.P. 2020 कहती है Multidisciplinary and Holistic Education achieve करना है। Multidisciplinary का ये आईडिया हमको समझ में आ जाए इसलिए वो तक्षशिला, नालंदा जैसे संस्थानों का उदाहरण देते हैं, उन संस्थानों से निकले लोगों का उदाहरण देते है। बाण, कादम्बरी के 64 कलाओं का जिक्र करते है। इन्होंने Intelligence Quotient, Spiritual Quotient, Emotional Quotient, Digital Quotient को भी बताया, साथ ही इन्होंने Cultural transformation, increasing Education Demands and Advanced Technologies का भी जिक्र किया, इसके साथ ही इन्होंने सेमिनार के सफल आयोजन की शुभकामानाएँ भी दी।

Prof. Asheesh Srivastava (Dean, School of Education M. G. C. University Motihari) प्रतिभागियों को मार्गदर्शन करते हुए।

प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर (Professor & Dean, School of Education, Dean, School of Management, Head, Department of psychology, Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi University Wardha, Maharastra) ने अपने उद्बोधन में बताया कि शिक्षक वास्तव में शिक्षकत्व को प्राप्त करता है जब वह अपने लिए नहीं अन्य के लिए जीना प्रारंभ करता है। विद्या की अविरल धारा को प्रवाहित करता है, ज्ञान का सृजन करता है और सक्षम मनुष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे शिक्षकों को बनाने का कार्य यह संस्था कर रही है, इन आयोजनों के माध्यम से शिक्षक, छात्रों के अनुभवों में वृद्वि करने का कार्य कर रही है। अपने वक्तव्य में शिक्षा आयोग 1964–66 का संन्दर्भ

लेते हुए उन्होंने कहा कि इस आयोग में एक बात लिखी हुई थी, किसी भी राष्ट्र का प्रारब्ध उसकी कक्षाओं में निर्मित हो रहा होता है (The future of any nation is being made in its classes.) शिक्षक उस राष्ट्र के प्रारब्ध के शिल्पकार होते हैं। हमें अपनी भूमिका को इस देश के प्रारब्ध की निर्मितिकर्ता के रूप में स्वीकारणी चाहिए और ईमानदारी से उस दिशा में प्रयत्न करनी चाहिए। शिक्षक के तीन कार्य हैं–सूचित करना (To Inform), प्रेरित करना (To Inspired), प्रभावित करना (To Influence), सूचना के प्रसारण की बात अब तकनीकी आने के कारण शिक्षकों के हाथ से निकल चुकी है, अब सूचना गूगल से मिल जाता है। अब शिक्षकों को प्रभावित करना है और अभिप्रेरित करना है लेकिन सूचना पुरी तरह से गई नहीं है। क्या तकनीकी शिक्षक को Replace कर देगी? No Body and Nothing can replace teacher. Technology is not going to replace the teacher but technologically enabled teacher is to replace the conventional teacher that is for sure. आने वाला समय ऐसा है कि आप परंपरागत तरीके से पढ़ायेंगे तो आपकी तुलना में वह अध्यापक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला माना जाएगा जो तकनीकी रूप से सक्षम है। प्रो० ठाकुर ने कहा कि हमारा दायित्व है कि हम तकनीकी को समझे, अपने क्रियाकलाप में आत्मसात करें। आज के समय में हम Teaching Learning Skill को Technology के भूमिका के परिप्रेक्ष्य में समझने की कोशिश कर रहे है वह जरूरी क्यों है? इस देश की आबादी 140 अरब के करीब है। इस देश में 15 लाख से ज्यादा विद्यालय और 900 से उपर विश्वविद्यालय एवं 40000 से उपर महाविद्यालय हैं जहाँ विभिन्न स्तरों पर 1 करोड के लगभग शिक्षक हैं, 33 करोड़ के लगभग विद्यार्थी है। इन 1 करोड़ शिक्षक पर 33 करोड़ विद्यार्थी के पठन–पाठन की जिम्मेदारी है, इन बच्चों को हम समुचित शिक्षा कैसे दें, हम शिक्षक किस तरह से आई.सी.टी. का इस्तेमाल करें। शिक्षक अपनी भी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सुधारें एवं कौशल परक बनाएं। अपने कार्य के प्रति एकाग्रचित रहें, तब आपमें कुशलता आएगी। भारत सरकार के तरफ से शैक्षिक संस्थानों के लिए ई–लर्निंग संसाधनों के बहुत से एवेन्यू खोले गयें जैसे DIKSHA (Digital Infrastructure for Knowledge sharing) , PME VIDYA PORTAL, NISHTHA GUIDELINES (National Initiative For School Heads And Teachers Holistic Advancement) National Digital Library IIT Bombay, E-Pal Portal, Swayam Portal (Study webs of Active-learning for young Spiring minds).

इन्होंने महाभारत के एक प्रसंग का उल्लेख किया है, महाभारत में दूर्योधन से श्रीकृष्ण ने पूछा कि दूर्योधन, कौरव और पांडव तुम दोनों ने एक ही गुरू से शिक्षा पायी है, एक ही प्रकार का पाठ्यक्रम पढ़ा, एक ही प्रकार की शिक्षण विधि के अर्न्तगत तुमने शिक्षा प्राप्त की, एक ही प्रकार की परीक्षा थी और परिणाम भी एक ही प्रकार की थी। उपाधि एक ही प्रकार कि मिली फिर ऐसा क्यों कि वो धर्म के रास्ते, तुम अधर्म के रास्ते। पता नहीं कौरव थे, पांडव थे या नहीं पर जो कथन है वह बड़ा महत्वपूर्ण है । दूर्योधन कहता है हे कृष्ण–

''जानामि धर्म न च में प्रवृति : ।
जानाम्यधर्मं न च में निवृति'' : ।।

अर्थात, मैं धर्म के बारे में जानता हूँ किन्तु मेरी उसमें प्रवृति या रूचि नहीं है और मैं अधर्म के बारे में भी जानता हूँ किन्तु उसमें मेरी निवृति (छूटकारा) नहीं है। (I Know about dharma but I have no inclination or intrest in it and I also know about Adharma but I have no intrest in it.) किसमें प्रवृत होना है, किसमे निवृत होना है उसका बोध हमारा विवेक ही कराएगा। एक शिक्षक कि सही कौशल तो वह ही है जो छात्रों को विवेकयुक्त बनायें। Digital Infrastructure, e-Learning Environment जितना है पर्याप्त हैं। हम डिजिटल डिवाईस की बात करते है यह Conventional रूप में बिल्कुल नहीं है। डिवाइस यह है कि डिजिटली जागरूकता है या नहीं, डिजिटली कनसेस है या नहीं, इथीकली डिजिटल Infrastructure को समझ पा रहे है या नहीं समझ पा रहे हैं यह कार्य शिक्षक का है। इसके साथ ही इन्होंने राष्ट्रीय सेमिनार के सफल आयोजन की शुभकामनाएँ भी दी।

सेमिनार में अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर
(Professor & Dean, Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi University Wardha, Maharastra)

अनुराधा कुमारी (सहायक प्राध्यापिका, संत जोसेफ्स मिश्री सिंह विश्वमोहिनी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, दलसिंहसराय) ने दु टूक मैथिली में अपना उद्बोधन दिया। सबसौ पहिले ई संस्था 'संत जोसेफ्स मिश्री सिंह विश्वमोहिनी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय' के तरफ सै अहां सब अतिथिगणक, विद्ववत जनक, प्राध्यापकगण, शिक्षा प्रेमी शिक्षकगण, शोधार्थीगणक, प्रशिक्षुगणक, मिडियाबंधु, शिक्षेकेत्तर कर्मचारीगणक, आ एत उपस्थित सबहक हम अनुराधा स्वागत करईत छी । मौसम के अनुसार, ऋतु के अनुसार ई चईत ऋतु चईल रहल अईछ। वाह्य आवरण आ आतंरिक उर्जा जे. ई. सेमिनार सं प्राप्त हैत,तकरा दुनु के यदि जोईर ली त हमसब कही सकईत छी जे बसंतक अनुभव भ रहल अईछ। वसंत निर्माण के ऋतु होईत अईछ। सेमिनार सेहो बौद्विक रूप सअ हमरा सब के निर्मित करईत अईछ। अई दुनु दिन में जे हमर विद्वान लोक आयल छईथ, तिनकर जे विद्ववतापूर्ण विचार छैन, तई सं स्वयं के उर्जज्वलित करब, संगहि अपन एकटा दृष्टि सेहो कायम करब, जकर उपयोग आब वाला समय में हमर समाज करत, शिक्षा जगत करत। हमर गांम–घर सं ओ प्रकाशपूंज निकईल, राज्य के सीमा के टपईत सम्पूर्ण देश में परिव्याप्त होईत, आ विश्वगुरू के जे अतीत अईछ, तकरा भविष्य में स्थापित जरूर करत। अहां सब ई बौद्धिक वर्षा में शामिल भेलऊ ताहिक लेल हम धन्यवाद दईत छी।

अनुराधा कुमारी (सहायक प्राध्यापिका, संत जोसेफ्स मिश्री सिंह विश्वमोहिनी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय)
मैथिली में अपना वक्तव्य देते हुए।

प्रो. ललित कुमार (Patna University, Former Dean, Faculty of Education, Former Head, Department of Education, Former Principal, Patna Training College, Patna) ने अपने उद्बोधन में सेमिनार के विषय का जिक्र करते हुए कहा कि आपका जो Topic हैं उसके तीन Key Concept हैं –Information, Communication, Technology, मैं जो आज आपको कुछ कहने वाला हूँ, वो इन सारे Key Concept व मानवीय पक्ष पर है और आपको ये बताने का

प्रयास करता हूँ कि इसमे मशीन का पक्ष बहुत कमजोर हो रहा है, महत्वपूर्ण, मानवीय पक्ष हो रहा है क्योंकि सूचना होता क्या है? जितने भी Facts हैं, Concept हैं, सिद्वांत हैं, ये सब कहाँ से आये हैं, किसने बनाया हैं? सूचना कल भी था, आज भी है और वो कहां है? आज तकनीकी यह कह रहा है Research Finding यह कह रही है। Information is everything. चाणक्य ने जो कहा–वह सूचना है, कैसे कहा, वह कम्यूनिकेशन है, information हमारे लिए जरूरी है लेकिन हमें वो सूचना मिले कहां से, एक तो सूचना को समझना दूसरा इस सूचना को समझने के क्रम में जाऊगां। थोड़ा आपको मनोविज्ञान के तरफ ले जाऊगां। आपने Cognitive of approach को पढ़ा और जब इसकी बात करते है तो Ultimately उसमें दो बातें होती है एक तो Insight learning जिसको आप जानते हैं। उसका दूसरा हिस्सा है Information Processing ये हम Information को Process करते है। दो System को आप समझे, एक तो आपके शरीर का Digestive system है खाते है धीरे–धीरे पचता है दूसरा आपका ये माइंड का System है। पेट के system को आप खाली कर सकते हैं लेकिन सूचना वाले सिस्टम को आप कभी खाली नहीं कर सकते है। मतलब यह जब Information Processing को हम समझेंगे तो यदि आपके पास इतना Information है या मिलता है तो उसका Processing अलग होगा लेकिन किसी के पास इतना ही सूचना होगा, जितना उसे आता है उसका Processing दूसरे तरह से होगा। अभी इस तकनीकी में, डिजिटल वर्ल्ड में तकनीकी की जो अवधारणा आया हमलोग स्मार्ट क्लास का Concept लेते है। Smart Class क्या है? मैनें एक जगह लिखा No class Can be a Smart Class if, it is well eqiped in the absence of bonafide teacher.

प्रो० कुमार ने कहा कि कौशल वही है जो हमारे भीतर है हम धारण करते है, जिसको हम Internalize करते हैं। Out Side the individuale there is no concept of Skill so, if you have to talk in terms of skill it is be internalize is important in the process. आगे प्रो. कुमार ने बताया कि Physical cepration क्या है? जैसे यदि आप मेरी आवाज का रिकॉडिग कर रहे है इसी समय मुझको आप सुन रहे है तो ये Sincronus Communication है। Sincronus types of Technology हैं दूसरा Asincronus जो अभी आप रिकॉडिग करके दे देंगे तो बाद में लोग सुन लेंगे, Real time Situation में उपलब्ध नहीं है दूसरा interactive Media, Non Interative Media जो Print Midia है हांलॉकि उसको भी Interative बनाने का प्रयत्न किया जा रहा है। Open System के द्वारा सबसे ज्यादा Analog techonology जो बाद में Relivant नहीं रहे हैं सभी अर्थपूर्ण है और हमको महत्वपूर्ण सूचना देते हैं। जितना भी तकनीकी है वो सब मानवीय पक्ष कर रहा है। ये सब हमारे Sense Organs पर ही Classified हुआ है।

उन्होंने बताया कि जब भी कोई नया Text आपको मिलता है तो उसे SQ3R, S-Stand for Survey. क्योंकि आप कालीदास तो नहीं हो सकते हैं, मत पढ़े सर्वे करें, ये एक स्किल है, फिर Question करें कि हमारे लिए क्या उपयुक्त है। when start to read, write and decide so, SQ3R is reading skill it is being imphished in distance learning. Managing is skill, learning is a skills. Hard skill subject का ज्ञान और Soft skill interpersonal दो तरह के Intelligence की बात हमलोग करते हैं, interpersonal तो Life हैं, Success के लिए जरूरी हैं Soft skills. successful जीवन के लिए और कक्षा–कक्ष में अच्छा पढ़ाने के लिए विषय का ज्ञान जो आपका है that is Hard Skill. So, learning is also a skills so internalize how to learn and life skill. Learning के बारे में हमने एक जगह लिखा the Relationships between learning and teching is like word displacement and perceived by physics. Learning outcome isculto the difference between with terminal behavior and the intering behavior. If the difference between terminal behavior and intering behavior is zero, it means learning outcomes is zero. It means learning is zero and that is why teaching is zero. यदि teaching के फलस्वरूप अधिगम नहीं हुआ तो ये That is skill and most importantly for adult learners life skills, these are the skills. यदि हम Techonology के Big Moments की बात करें तो Digital Technology तक पहुचने से पहले bigger Moment है जिस दिन हमने ज्ञान को, सूचना को Transmit करना शुरू किया था चाहे वो जैसे भी हो Preserve किया हो, Programme Learning जो Open System का जनक है इस आधुनिक age में इसमें इतनी बड़ी क्रांति है अपने आप में कि जब आप सुनेंगे तो इस Digital Teachnology को भूल जाएंगे। इन्होंने open Learning को Acess करने का तरीका बताया है, Text को Talkative भाषा में लिखता है, जैसे open System क्या करता है? Where you are not suppose to like a text but like you are talking in the text. Election Commission का एक ऑकड़ा है इस देश में 80 वर्ष या उसके उपर के लोग 1.80 करोड़ हैं the Most Productive as of a human life is 62-80 आजकल हम Formal System को Non Formal के साथ Coordinate करके कोविड जैसे परिस्थिति में काम कर रहे थे। आप ये समझे कि 90% किसी भी तरह के तकनीकी के इस्तेमाल में मानवीय पक्ष है, उसको हम प्रखर रखें और अपने यादाश्त को प्रखर रखें, अपनी सृजनशीलता को गति दे उसको दिशा देने की कोशिश करें।

सेमिनार में अतिथि वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए प्रो. ललित कुमार

Dr. (MS.) RAMAA Subbiah (Former Professor of Special Education and Dean of instruction, Regional Institute of Education, N.C.E.R.T. Mysore)

I want to congratulate this esteemed institution for selecting a relevant topic. Nowadays, we discuss pandemics frequently due to the ongoing COVID-19 pandemic. It has made us realize the importance of nature, and how it has supported us through technology, which has been around for about 10-20 years. However, there are people like me, who teach psychology or special education, that were hesitant to use technology in the classroom initially. I used to believe that teaching methods such as demonstration, project-based learning, and experiential learning were more important than technology. I wasn't much of a tech-savvy person, as Khushwant Singh once said, I like that some people have a fear of technology, also known as technophobia. For example, if I press the wrong button on my computer, I worry that my data might be erased. This makes me more cautious than when using pen and paper, where I can write and edit without fear of losing my work. Additionally, I am aware that if I make a mistake on video, it can be recorded, which makes me even more careful. Sensitization to technology has become more important during the pandemic, especially since many classes have moved online. In the past, I had only heard of video lessons for special education, but now we are all using technology for learning. This was a new challenge for me and required me to learn new skills. Thankfully, my institute organized orientation programs to help us learn how to use computers for online teaching. While it was difficult at first, with practice and instruction, I was able to adapt. One of the greatest challenges was using online learning during my internship. We had to train ourselves to teach and communicate with students remotely. We also had to teach children at the state, regional, and national levels, which required us to use English as the primary language of instruction. Technology now influences all aspects of our lives, from personal grooming to cooking to transferring funds. It is important to acquire the necessary skills to use technology effectively, as it is becoming more and more integral to daily life.Often, we assume that only younger generations are better at acquiring technological skills. However, when I didn't know how to approach a sentence or photos for my nephew's application form, I did my own research and consulted with other parents. This shows that we are all still learning how to use technology, and that there is no clear-cut distinction between teacher and learner. We should have a broad-minded approach and not be agitated to learn from others. Technology is a supplement and cannot think for us; we have to organize the information in a meaningful way to facilitate learning. Skinner made a significant contribution to teaching slow learners and those who cannot keep up with others by using the teaching machine. Now, we are using this technology for everyone, and even behavior modification is another contribution. We must modify our own behavior and adopt new teaching methods that incorporate technology. Computer-assisted learning is now called technology-enabled instruction or technological device, especially in the field of special

education, where we cater to people with sensory, communication, and developmental challenges. Inclusive education is the new concept, and we are moving towards integrated education in every classroom. The national policy of education and relevant acts give us the right to education, and ICT is going to play a significant role in realizing our goals.

Dr. Ramaa Subbiah Delivering the Guest of Honour Speech

डॉ. राकेश कुमार (Former Principal CTE, Bhagalpur & Dean Tilaka Manjhi Bhagalpur University) ने कहा कि आई. सी.टी. हमारे लिए अवसर के रूप में है या चुनौती के रूप में यह हम पर निर्भर करता है। जिस तरह सिक्का के दो पहलू होते हैं उसी तरह सेमिनार के तीन पहलू हैं। पहला पहलू था कि टॉपिक क्या डिसाईड करें? दूसरा पहलू था कि हम अपनी सोच को कैसे Involve करें? तीसरा पहलू था कि हमने जो सोचा था उसे कैसे क्रियान्वित करें ? वक्ताओं की सहभागिता, श्रोताओं की सहभागिता, प्रबंधन की सहभागिता किस स्वीकारिता के साथ हुई। जो बातें हम सुन रहे हैं, समझ रहे है क्या उसे यही तक सुनकर छोड़ जाएगें। एक चाईनीज Proverb हैं– I hear I forgate, I see I remember, I do I understand.

डॉ. राकेश कुमार सेमिनार में संबोधन करते हुए।

डॉ. डी. एन. सिंह (Former, Dean Faculty of Education, Department of L.N.M.U. Darbhanga) ने कहा कि आई.सी.टी के मुद्दे पर गहन विचार विमर्श हुआ है, हमारे सभी पूर्ववर्ती वक्ताओं ने इस विषय से संबंधित विशेष बातों को रखा है नई शिक्षा नीति जिसका मूल उद्देश्य शिक्षा का गुणात्मक विकास करना है। आज भारत की कक्षाओं में भारत के भविष्य का निर्माण हो रहा है। क्या वह निर्माण ये बड़े–बडे बिल्डिंग, बड़े–बड़े पुस्तकालय या आई.सी.टी. से साधन सम्पन्न विद्यालयों के द्वारा ही होता है। जब तक उसके संचालन के लिए कुशल शिक्षक नहीं होंगे जिनका विषय वस्तु पर नियंत्रण न हो तब तक वह सही मायने में अच्छे शिक्षक का निर्माण नहीं कर सकते हैं। उन्हीं शिक्षकों

के द्वारा भारत के इन नौनिहाल बच्चों को उनकी कक्षाओं में उनके द्वारा भविष्य का निर्माण किया जाता है। अध्यापक शिक्षा में निश्चित रूप से इस नई शिक्षा नीति में भी बार–बार इसकी गुणात्मक विकास पर बल दिया गया है, 4 Years Integrated B.Ed. Programme के महत्व को दर्शाया गया है और उसके माध्यम से हम अपने बच्चों को, अपने छात्रों को, अच्छे शिक्षक का निर्माण कर देने के लिए प्रयत्नशील हो लेकिन हम सभी जानते है कि आई. सी.टी. एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा हम अपने छात्रों को उसके गुणात्मक सुधार में मदद पहुचा सकते है। उनके विकास में मदद कर सकते हैं, लेकिन इस अध्यापक शिक्षा की स्थिति इस नई शिक्षा नीति में एक पेन्डूलम की तरह हो गई है। आशीष जी ने G.E.R. (Gross Enrollment Ratio) का टॉपिक तो दिखा दिये उनको कि आप खुश हो जाईये आपका महाविद्यालय सुरक्षित रहेगा, जिस राज्य में आज तक पटना विश्वविद्यालय को छोड़कर एक शिक्षा विभाग की स्थापना सरकार नहीं कर सकी है। देश के आजादी प्राप्ति के लगभग 75 साल हो गये आप वहां इस बात की अपेक्षा कैसे रखते है कि उनको उसके माध्यम से विकास का मौका मिलेगा, सुरक्षा का मौका मिलेगा। अध्यापक शिक्षा एक ऐसी शिक्षा थी जिसमे साधारण वर्ग के बच्चें पढते थे रोजी– रोटी के लिए शिक्षक की नौकरी मिल जाए। क्या होने जा रहा है? आप आई.आई.टी. को देने जा रहे है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय में चल रहा है, राज्य के पास पैसा नहीं है कि वे अपना शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय को, शिक्षा विभाग को स्थापित कर सम्पन्न बना सके और अध्यापक शिक्षा की ओर अधिक गुणात्मक विकास में सहयोग प्रदान कर सकें। इसीलिए यह जरूरी है पहले उन मौलिक बातों पर ध्यान दिया जाए। आज क्यों स्व वित्त पोषित महाविद्यालय वालें डरे हुए है ये 400 कॉलेज का क्या भविष्य होगा? इसको कौन चलाएगा? 4 वर्षीय डिग्री प्रोग्राम की बात तो एक स्वरूप तय कर दिया कि आप प्रथम वर्ष पास करके पढ़ाई छोड़ देंगे तो हम Certificate का डिग्री दे देंगे। 2 वर्ष पुरा करेंगे तो Diploma Certificate का डिग्री दे देंगे और 3 साल का कोर्स पुरा करेंगे तो Degree का Certificate दे देंगे। 4 साल पुरा करेंगे तो हम M.A. की डिग्री दे देंगे। क्या यही व्यवस्था में हुआ? ये 4 Years Integrated Programme के बच्चें जब एक साल का कोर्स प्राप्त कर लेंगे तो कहां जाएंगे, 2 साल का कोर्स प्राप्त कर लेंगे तो कहां जाएंगे। सरकार सोचें, हम सभी बुद्विजीवी सोचें जो नियम बना रहे वह भी सोचें। आज स्थिति ऐसी हो गई है कि प्राईवेट शिक्षक प्रशिक्षण के प्रोफेसर 20–25 हजार रूपये वाले वेतन को छोड़कर एक प्राईमरी शिक्षक की नौकरी ज्वाईन कर लेते हैं। इन समस्याओं को ध्यान में रखकर ये तय करना होगा कि आप 2 साल की डिग्री कर लेंगे तो प्राईमरी सेक्शन में आपकी बहाली होगी, जब आप बी.एड. करेंगे तो माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आप नौकरी करेंगे, आप एक साल का डिग्री प्राप्त करेंगे तो नर्सरी में आपकी बहाली होगी इसकी भी तो एक योजना होनी चाहिए। ताकि छात्र प्रेरित होकर नामांकन लें। आई.सी.टी. के द्वारा हमारा कौशल विकास होगा, अच्छे शिक्षक बनेंगे तो हमारी शिक्षा मे गुणात्मक सुधार होगा।

सेमिनार मे आये अतिथि वक्ता डॉ. डी. एन. सिंह अपने वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए।

डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी (Dean Faculty of Education, Aryabhat Knowledge University, Patna) ने सूचना एवं संचार तकनीकी विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डॉ. त्रिपाठी ने बच्चों को संज्ञान में लेते हुए कुछ प्रश्नों को प्रतिभागियों के समक्ष रखा–बच्चों को हम क्यों ऐसा पढ़ाते हैं जैसा कि हम पढ़ाना चाहते हैं। ऐसा क्यों नही पढ़ाते

जैसा कि वे पढ़ना चाहते है? यह विचारणीय बिन्दु है। इन प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि शिक्षक को मार्गदर्शक होना चाहिए। शिक्षक को कक्षा में बच्चों के स्वतंत्र रूप से सोचने–विचारने के अवसर दिये जाने चाहिए।

डॉ. अरविन्द कुमार मिलन (D.D.E. L.N.M.U. Darbhanga) ने अपने वक्तव्य में ICT पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। आपने व्यवहारिक उदाहरणों द्वारा किसी समस्या को किस तरह हल किया जाए इसे बताया। इन्होंने कहा–शिक्षक जन्मजात नहीं होते हैं उन्हें बनाया जाता है (Teachers' are not born they are made)। मैं अपने संस्थान को लेता हूँ जो एशिया का सबसे बड़ा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान माना जाता है और वहां से प्रतिवर्ष 200 छात्र प्रशिक्षण लेकर बाहर निकलते हैं 75 वर्षो से वह संस्था काम कर रही है। आज तक लगभग 15000 शिक्षक वहां से निकल चुके हैं, उस 15000 शिक्षकों के द्वारा जो देश की शिक्षा व्यवस्था है उसमें आमूलचूल परिवर्तन हो गया होता लेकिन आज भी हम जब शिक्षा की बात करते है तो शुरूआत यही से होती है, शिक्षक प्रशिक्षण को लेकर होती है। जब हम Role of ICT in Teaching Learning Skills की बात करते हैं तो जो stand Prof. Lalit kumar जी ने लिया था मैं उसका समर्थन करता हूँ। कोविड के काल में ICT एक तरह से जिस तरह का Intrest, जिस तरह की उपयोगिता Create किया है वह अद्वितीय है लेकिन मेरा यह मानना है कि कोविड काल में जो ICT प्रयोग हुआ है वह फैशन के रूप हुआ था या आवश्यकता के रूप में हुआ। इसमे सभी को विचार करने की आवश्यकता है चाहे वह फैशन था या आवश्यकता थी। जब हम डिजिटल age की बात करते हैं तो हम सामान्यतः संत जोसेफ्स जैसे स्कूल को देखकर कहते है कि यहां पर Digital Board, Smart Board, Interactive Board हैं और हम सामान्यीकरण कर लेते है इस चीज को भूल जाते है कि आज भी इस देश में 70% बच्चे सरकारी विद्यालय में पढ़ते है और मात्र 30% बच्चे निजी विद्यालय में पढ़ते है। जहां पर ICT की सुविधा उपलब्ध है। साधारण सा शोध का नियम है कि आप 70% से सामान्यीकरण कर सकते है लेकिन 30% से सामान्यीकरण नही कर सकते हैं। एक डाटा प्रो. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने दिया था 'ASMA' का बेसिकली वह डाटा ये नहीं दिखाता है कि इस देश में कितना बड़ा मारकेट ICT का हैं, बल्कि वह डाटा यह भी दिखाता हैं कि इस देश में कितना बड़ा डिजिटल डिवाइस है। इन सारी चीजों को हम नजर अंदाज नही कर सकते है। जब हम ICT की उपयोगिता की बात करते हैं तो लगता है कि हम बहुत सारी चीजों को नजर अंदाज करके सामान्यीकरण कर लेते है और हम कह देते है कि जमाना इसी का है एक कोटेशन है स्वामी विवेकानंद का, वो कहते है कि धर्म जानवर को इंसान बनाता है और इंसान को भगवान बनाता है, मैं इसको शिक्षा से Replace करता हूँ, शिक्षा जानवर को इंसान बनाता है और इंसान को बुद्विमान बनाता है, ये बुद्विमत्ता ICT के throw नहीं आ सकता है। ये बुद्विमत्ता शिक्षक के द्वारा ही आ सकती है चाहे ICT के किसी स्तर पर हम चले जाएँ, आजकल हम Education 4.0 की बात करते है। इस Education 4.0 का पुरा Concept Educational Technology पर आधारित है लेकिन जब पढ़ने लिखने की बात होती है, बच्चों में भावात्मक विकास की बात होती है तो ICT नहीं कर सकता है सिर्फ ICT के माध्यम से हम जैसा नागरिक बनाना चाहते है वह संभव नही है, हमलोग कक्षा मे पढ़ाने के लिए जाते हैं तो हमारा जो मुख्य फोकस होता है वह विषय से संबंधित होता है और पुरी की पुरी शिक्षा व्यवस्था Content Centred है। हम बच्चों को पढ़ाने के लिए नहीं जाते हैं हमको गणित पढ़ाना है इसीलिए जाते हैं। बच्चा हमारे लिए प्रमुख होना चाहिए और एक कहावत है कि वह किताब है जो हमें शब्दशः पढ़ना पड़ेगा, दूर्भाग्य से शिक्षक किताब शब्दशः पढ़ के जाते हैं, बच्चों को नजर अंदाज करते हैं। अगर आप पढ़ाने के लिए जाते है Educational Psychology, Educational Technology ये सारी चीजें कक्षा में पढ़ाने के लिए जाते हैं लेकिन इन सबको पढ़ाने से और Real Sense में बहुत अन्तर है इस समय मुझे गीत का एक पंक्ति याद आ रहा हैं–'किताबें बहुत सी पढ़ी होगी तुमने, कभी कोई चेहरा भी तुमने पढ़ा है' हर शिक्षक को बच्चों का चेहरा पढ़ने की आवश्यकता है ना कि किताब को। बल्कि मैं कहता हूँ कि एक कदम और आगें जाने की आवश्यकता है 'चेहरा क्या देखते हो दिल में उतरकर देखों ना'। आपको बच्चों के दिल में उतरना पड़ेगा, बच्चों को समझना पड़ेगा और बच्चों को जानना पड़ेगा। जबतक आप बच्चें को नहीं जानेंगे, नहीं समझेंगे आप चाहे कितना भी ICT का उपयोग कर ले जो पढ़ाई है वह आसान नहीं हो सकती।

सेमिनार मे अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. अरविन्द कुमार मिलन

प्रो.अवध किशोर राय (Former Vice- Chancellor, B.N.M.U. Madhepura & Tilka Manjhi Bhagalpur University) ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि अभी आपने जीन चीजों को सुना वो पब्लिक डोमेन है, आजादी के बाद हमारी आवश्यकता के अनुसार हमारी सरकार ने शिक्षा नीति को बनाया। एक बात तो तय है कि NEP 2020 के कारण 2030 तक सारे बी.एड. कॉलेज के पढ़ाई के मॉडल में भी परिवर्तन आएगा। इन्होंने 5+3+3+4 को विस्तार से बताया। प्रशिक्षुओं को सूचना के साथ–साथ तकनीकी की भी जानकारी दें। छात्रों को नई तकनीकियों से वाकिफ कराना है। कॉलेज एवं लैब में जो सूधार होनी चाहिए उसकी भी चर्चा NEP 2020 में की गई है, भागलपुर जिला में मेरे समय में दोहे के रूप में गणित को सीखया जाता था यह बहुत आसान विधि थी। गणित का कैलकूलेशन जितनी अच्छी तरह से मशीन नहीं कर पाएगी उतनी तेजी से पहले इस विधि से पढ़ाया जाता था। सरकार भी चाहती है कि जो शिक्षक बनने जा रहे है उन्हें भी इन चीजों से कौशल युक्त होना चाहिए। शिक्षक का भी यही काम है कि आई.सी.टी. के माध्यम से आप कैसे बच्चों के दिमाग में ये बातें डाल सकते हैं। जब क्राईसिस आता है तो तकनीकी को विकासित करना ही पड़ता है, इससे बच्चों की Efficiency, Proficiency बढ़ेगी और सोचने की क्षमता भी बढ़ेगी। यह नीति कम से कम समय में बच्चों को अधिक से अधिक ज्ञान देने की कोशिश करेगी तो उस तकनीकी को हम क्यों छोड़े? आगे भी इस तरह के सेमिनार में जरूर भाग ले आपका ज्ञानवर्धन होगा। उद्वधाटन सत्र का मंच संचालन निधि सिंह (बी.एड. 2022–24) एवं रंजीत परासर (पूर्व छात्र बी.एड. 2019–21) ने अपने करिशमाई भाव–भंगिमा के साथ किया।

सत्र के अंत में अध्यक्षता कर रहे विषय विशेषज्ञ प्रो. अवध किशोर राय

Award Session :-

मुख्य अतिथि **प्रो. अवध किशोर राय** के द्वारा बी.एड. (सत्र : 2019–21) की छात्रा **सौम्या वर्मा** को 'Student of the Year award' से एवं **प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर** के द्वारा द्वारा बी.एड. (सत्र : 2020–22) के छात्र **रजनीश कुमार** को 'Student of the Year award' से पुरस्कृत किया गया। इसके बाद संत जोसेफ्स महाविद्यालय कि प्राचार्या डॉ. सुप्रिया कुमारी के द्वारा 'अल हसन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय' के प्राचार्य 'मोहम्मद अब्दुल रहमान' जी को मेमेंटो से सम्माानित किया गया एवं बीबी फातिमा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव 'मोहम्मद अंजुम अशरफ' जी को मेमेंटो से सम्मानित किया गया। श्री प्रशांत सागर सर के द्वारा बीबी फातिमा महाविद्यालय के प्राचार्य 'डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह' को समानित किया गया एवं संत पॉल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या 'डॉ. रॉली द्विवेदी' को सम्मानित किया, आर. एल. महतो इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन समस्तीपुर के प्राचार्य 'डॉ. धर्मेन्द्र कुमार', महात्मा गांधी बी.एड. कॉलेज के सचिव 'इंजीनियर दीपक सिंह' एवं डॉ. अमित कुमार 'प्राचार्य महात्मा गांधी बी. एड. कॉलेज लखीसराय' को सम्मानित किया गया।

Song on St. Joseph's MSVM Teachers Training College- By **Anuradha Kumari**

अनुराधा कुमारी (**Asst. Prof., St. Joseph's MSVM TTC**) स्वनिर्मित गीत प्रस्तुत करते हुए।

In the closing session**, Dr. Priyanka Kishore** thanked all the guests, Subject Experts and Participants. I want to thank Anuradha ma'am for such a melodious song.I know time is very less, it's already so I want to start with Prof.ashishshrivastav sir ,it was very enlightening for all of us to have you here .I will never forget this statement "Technology is not a choice, now it's compulsion" and we all agree with this and sir you talked about the thoughts of Swami Vivekananda, Johan Dewey and UGC Guidelines. You have mentioned very important documents also although.I did read NEP 2020.The things that you have mentioned in fact about national curriculum Framework for teacher education also is really very good. We all should also read these documents about technological, pedagogical, assessment, content Knowledge 'ASMA'. Thank you, sir and Our guest speaker Prof. Gopal Krishna Thakur sir, we are really enlightening by listening you because you have enlightening about the role of teacher to inform, to influence, to inspire. These highlighted specific points will stay with us.Thank you very much sir. And Prof. Lalit Kumar sir, you have explained very meaningful about the information and communication technology, the role of teacher. The relationship of head, heart and hand, that was really very good. And Prof. Rama ma'am, you have started with the reluctance that many of us had when we started using technology but with time we actually adopted ourselves with all the struggle and things and we are learning from our new generation that very true. And Prof. Vinay sir, thank you very much for talking with us in mathili and giving us with a real-life example, you are making us feel to realise the importance of making lesson plan, that was really good for all of us. And Dr. D. N. Singh sir, you actually showed us the ground reality of our education system. Thank you very much for that. And Dr. Masood Aalam khan sir, you actually gave us the integration of time, money, labour and technology inside a classroom during classroom transaction. And at the end, I would like to thank our Chief guest sir he actually acted as a guardian, taken all the views and summed up very beautifully, like a guardian he accepts our all the

thoughts and views, and he made us realise that we all have our differences but at the end. We all want together by this national seminar is the development of the education system in Bihar, an India. Thank you very much everyone. Thank you our Chairman sir Mr Anil Kumar Sinha sir and principal Dr. Supriya ma'am, for giving us this opportunity as national seminar, Thank you very much.Thank you everyone. And obviously last special thanks of Seminar all committee, school teachers, Midea, Non teaching Staff and B.Ed., D.El.Ed. Students. You people are the heart of the national seminar. Without you will us never albel to successful complete of our national seminar.

Dr. Priynaka Kishore giving vote of thanks in the Inaurgural Session

Technical Session-1 (18.03.2023, Time: 02:30 PM – 04:30 PM):-

Topic :- i. The Future of ICT based learning/ Teaching
ii. Updated Tool of ICT For Classroom teaching and innovative Practices based on ICT
iii. Precautions to Follow while using ICT In teaching .

अध्यक्ष : प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर
सह अध्यक्ष : प्रो. विनय कुमार चौधरी
विषय विशेषज्ञ : डॉ. मसूद आलम खान
समन्वयक : डॉ. प्रियंका किशोर
सह समन्वयक : अंगद कुमार सिंह
तकनीकी सहायक : गौरव कुमार, राकेश कुमार
मंच संचालिका : निधि सिंह

प्रथम तकनीकी सत्र में प्रो. विनय कुमार चौधरी (Former H.O.D., Education Department L.N.M.U. Darbhanga & M.L.A. Benipur, Darbhanga) ने आई.सी.टी. के आधार पर कक्षा शिक्षण और अभिनव अभ्यास के लिए आई.सी.टी के अद्यतन उपकरण से छात्रों को अपडेट होने के लिए कहा। इस संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा अपनी क्षेत्रीय भाषा मैथिली में की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर बात चईल रहल अईछ, अईमें स्थानीय भाषाक प्रमोट कैएल गेल अईछ। ई क्षेत्र में शिक्षाक अलख जगाब में महत्वपूर्ण भूमिका श्री अनिल बाबू निभेलईथ हन। शिक्षाक ई क्षेत्र में केऊ जिम्मेदार छईथ त ओ छईथ हमर गुरूदेव डॉ. डी. एन सिंह सर। अई क्षेत्रक गंगोत्री शिक्षा जगत में डॉ. जाकिर हुसैन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय अईछ। आगा प्रो. चौधरी कहलईथ जे लेसन प्लानक पहिल अब्जेक्ट रूटिन होईत अईछ। अधिकांश विद्यालय में रूटिन नई रहईत अईछ। त केनाक विद्यार्थी बूझत जे काईल कि पढ़ाई हेतई। शिक्षक बिना रूटिनक पाठयोजना कोनाक बनौउता। अगर हम दूरस्थ शिक्षाक बात करी त रेगूलर कोर्स में ऊ विश्वविद्यालय डिग्री द सकईत अईछ जकरा नैक एक्रीडिटेशन स 'C' ग्रेड सेहो छई मुदा दूरस्थ शिक्षा मे ओहे डिग्रीक मान्यता रहत

जकरा 'A'$^{+}$ अईछ। ई बात सब जानईत छी जे रेगुलर में क्रीम विद्यार्थी जईत अईछ मुदा डिस्टेश में डिग्रीक बढाव लेल जईत छी। जत ज्ञान के उपार्जन हेतई ओत 'C' ग्रेडक महत्व अईछ लेकिन जतअ डिग्री के इनहांसमेन्ट हेतई ओत 'A'$^{+}$ के बात होईत अईछ। यानि की ज्ञान लेल 'C' ग्रेड आ डिग्री लेल 'A'$^{+}$ के जरूरी अईछ। नीति निर्धारक व्यक्ति ऐहन–ऐहन नीति निर्धारित करता। सुधार हमरा अपने सं शुरू करै परत। आब विद्यार्थी किताबक बजाय गेस पेपर सं पढ़ाई में रूचि देखाबईत छईथ ताहि लेल किताबक दुकान कम भेल जाईत अईछ। आहां सब मूल पोथी पढ़ूँ, आई.सी.टी. के सहायता लिअ आगा बढ़ूँ।

प्रो. विनय कुमार चौधरी (Former H.O.D., Education Department L.N.M.U. Darbhanga) अपने वक्तव्य देते हुए।

डॉ. मसूद आलम खान (H.O.D., Department of Education, L.N.M.U. Darbhanga) ने शिक्षण में आई.सी. टी. का उपयोग करते समय पालन की जानी वाली सावधानियों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। इन्होंने कहा कि जहां तक मैंने आई.सी.टी. को पढ़ा है, समझा है, कि शिक्षक एक महत्वपूर्ण अंग है शिक्षक के पास सूचनायें होती हैं जिन सूचनाओं का वह संम्प्रेषण करता है, उन संम्प्रेषण के लिए तकनीकी का प्रयोग होता है। तकनीकी को आसान शब्दों में कहा जाए तो Minimum Time, Minimun Labour, Minimum Money का इस्तेमाल करके ज्यादा से ज्यादा हमें प्रोडक्टविटी मिले यही हमारे लिए तकनीकी है। एक शिक्षक कक्षा में जाता है और अपनी बातों को छात्रों तक पहुचता है और उसके अन्दर Modification of behavior करता है तो वही उसकी तकनीकी कहलाती है। जहां तक तकनीकी का सवाल है मैनें एक पाठ एम.एड. कोर्स में पढ़ा था वो 'शिक्षा का भविष्य शास्त्र' था इसमें कहा गया कि एक दिन ऐसा आयेगा कि शिक्षक नाम का प्राणी विलुप्त हो जाएगा, उसकी जगह तकनीकी आ जाएगा और वही शिक्षक आगे बढ़ जाएगा जिनको तकनीकी का ज्ञान होगा, वैसे शिक्षक जिनके पास तकनीकी ज्ञान नहीं होगा वैसे शिक्षक विलुप्त के कगार पर होंगे और वे शिक्षक कहानी और किस्सों में पढ़े जाएंगे। हम सभी शिक्षकगण विलुप्त ना हो जाए इसके लिए तकनीकी का हम ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें, ज्यादा से ज्यादा हम उसमें कौशल प्राप्त करें, उसको जानें।

डॉ. मसूद आलम खान (H.O.D., Department of Education, L.N.M.U. Darbhanga) अपने वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए।

प्रथम तकनीकी सत्र के अंत में इस सत्र की अध्यक्षता कर रहे विषय विशेषज्ञ **प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर** (Professor & Dean, School of Education, Dean, School of Management, Head, Department of psychology, Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi University Wardha, Maharastra) ने आई. सी.टी. आधारित शिक्षा एवं शिक्षण का भविष्य विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे बताया कि सूचनाओं को ज्ञान में रूपांतरित करने का कार्य शिक्षक का होता है। सूचनायें तो Open Resources में अनंत प्रकार की है स्वयं भी सीखें और दूसरों को भी सीखाएँ। इन्होंने महाराष्ट्र के संदीप गुंड नामक शिक्षक का उदाहरण देकर समझाया कि उन्होंने कैसे शिक्षा जगत में उस क्षेत्र के लोगों में रूचि उत्पन्न की। ये कैंब्रिज विश्वविद्यालय, ऑक्सफोर्ड से शिक्षा प्राप्त नहीं की थी लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में उनकी ललक अलग थी।

Teaching Learning Skills की कोई एक परिभाषा नहीं है, जितने भी कौशल है जो आपके छात्रों के अधिगम अनुभव स्तर को समृद्ध कर सकें, जो उनकों एक सम्पूर्ण मानव बना सकें। छात्र डिजिटल डिक्टेटरशीप के अधीन ना होये। प्रो. ठाकुर ने एक और ज्वलंत उदाहरण दिया रशिया के उस 21 वर्ष के बालक का, जिसने बैठे–बैठे 'ब्लूवेल' नाम का सॉफ्टवेयर डेवलव कर लिया, इसमें एक गेमिंग एप्लीकेशन था जिसने पूरे विश्व में तहलका मचा दिया। जितने किशोर वर्ग के बच्चें थे पहले स्टेप बाई स्टेप बढ़ते जाते थे बाद में जब हारते थे तो उनका दिमाग इतना उस गेम एप्लीकेशन के अधीन हो जाता था कि बच्चे आत्महत्या कर लेते थे। वो हार को बर्दाशत नहीं कर पाते थे। इस पर हम शिक्षकों को विचार करने की आवश्यकता है।

तकनीकी सत्र मे आए हुए **अध्यक्ष प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर** अपने वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए।

उपर्युक्त टॉपिक पर सभी प्रशिक्षुओं एवं शोधार्थियों ने अपने–अपने आलेखों को प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन **अनुराधा कुमारी** के द्वारा दिया गया, इसके साथ ही प्रथम दिन के तकनीकी सत्र की समापन की घोषणा कि गई।

19.03.2023 (09:30 AM – 11:00AM)

दो–दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन Plenary Session का शुभारंभ सोनी एंड ग्रुप (मन की वीणा से गुंजीत ध्वनि मंगलम्) के द्वारा स्वागत गीत के साथ किया गया।

डॉ. सुप्रिया कुमारी (प्राचार्या, संत जोसेफ्स मिश्री सिंह विश्वमोहिनी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, दलसिंहसराय) के द्वारा स्वागत वक्तव्य के साथ इस सत्र का शुभारंभ हुआ। इन्होंने अपने स्वागत वक्तव्य में आमंत्रित अतिथियों के शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदानों पर प्रकाश डालते हुए सेमिनार में अपने अनुभवों को सभी के समक्ष रखा।

प्राचार्या डॉ० सुप्रिया कुमारी सेमिनार के दूसरे दिन स्वागत भाषण देते हुए

